web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 13 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 137

## विश्व भूषण हरिचंदन होंगे छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल, उइके बनीं मणिपुर की राज्यपाल

**रमेश बैस महाराष्ट्र के नए राज्यपाल, कोश्यारी का इस्तीफा मंजूर, राष्ट्रपति ने 13 राज्यों में किया फेरबदल**



**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपति मुरमु भारत गणराज्य द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल अनुसुइया उईके को मणिपुर का नया राज्यपाल बनाया गया है। आंध्रप्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल होंगे। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति ने 13 राज्यों के राज्यपालों का स्थानांतरण किया है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा राष्ट्रपति ने 13 राज्यपाल और उपराज्यपालों की नियुक्ति की है। महाराष्ट्र के राज्यपाल के साथ-साथ लद्दाख के उपराज्यपाल राधा कृष्णन माथुर के इस्तीफे को स्वीकार किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया है। इसके अलावा गुलाब चंद कटारिया को असम, पूर्व केंद्रीय मंत्री शिव प्रताप शुक्ला को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है।

पूरी लिस्ट

(1) (रिटायर) लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक अरुणाचल प्रदेश के नए राज्यपाल बनाए गए।

(2) लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया।

(3) सीपी राधाकृष्णन को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया।

(4) शिव प्रताप शुक्ल हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त किए गए।

(5) गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया।

(6) जस्टिस (सेवानिवृत्त) एस अब्दुल नज़ीर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बनाए गए।

(7) आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(8) छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(9) मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(10) बिहार के राज्यपाल श्री फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(11) हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(12) झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया।

(13) ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा (रिटायर), अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया।

## अब दिल्ली से जयपुर का सफर साढ़े 3 घंटे में होगा, मोदी ने किया देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के पहले चरण का उद्घाटन



**दौसा (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे के पहले चरण का उद्घाटन कर दिया है। उन्होंने राजस्थान में दौसा के धनावड़ गांव से 8 लेन वाला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे देश को सौंपा। इस दौरान अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि यह विकसित होते भारत की भव्य तस्वीर है। जब ऐसी आधुनिक सडक़ें बनती हैं तो देश की प्रगति को गति मिलती है। देश का सबसे बड़ा दिल्ली बड़ोदरा मुंबई ग्रीन एक्सप्रेसवे कई मायनों में सबसे अलग है।

इस एक्सप्रेस वे पर आप अपने फोर व्हीलर को 120 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चला सकते हैं। यही नहीं इस एक्सप्रेस वे पर इतनी स्पीड में चलने वाले वाहनों के बीच की दूरी सामान्य एक्सप्रेस वे की तुलना में चार गुना ज्यादा रखी गई है। यानी हाई स्पीड में चलने वाले वाहनों के बीच ढाई सौ मीटर की दूरी होना जरूरी है। 1,386 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस-वे का पहला खंड 246 किलोमीटर लंबा है। दिल्ली-दौसा-लालसोट के बीच का यह खंड दिल्ली से जयपुर की यात्रा को आसान करेगा। इसके बनने के बाद दिल्ली से जयपुर का पांच घंटे का सफर महज साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। इस एक्सप्रेस-वे के पूरा होने के बाद दिल्ली से मुंबई तक का सफर 24 घंटे से घटकर 12 घंटे का हो जाएगा। इसके अलावा एक्सप्रेसवे के बीच पडऩे वालों शहरों की दूरी भी अब आसान हो जाएगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी में ट्रेन की चपेट में आकर 11 गायों की मौत

**संभल (आरएनएस)।** संभल में किसानों द्वारा छोड़ी गई करीब दो दर्जन लावारिश गायों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई और कई घायल हो गईं। यह घटना लहरावन गांव के पास हुई। गायों को तेज रफ्तार देहरादून एक्सप्रेस ने टक्कर मार दी। घटना के एक घंटे बाद ट्रेन आगे की यात्रा के लिए रवाना हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गायें अलीगढ़-मुरादाबाद ट्रैक के पास खेतों में फसलों को नष्ट कर रही थीं और किसानों ने शायद गुस्से में उन्हें रेलवे ट्रैक की ओर हांक दिया। दुर्घटना के बाद दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और गायों की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### चार राज्यों की हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को ट्वीट करके चार राज्यों की हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति की जानकारी दी। इन चारों में गुजरात हाईकोर्ट की जज सोनिया गिरिधर गोकनी को इसी उच्च न्यायालय में चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। इनके अतिरिक्त राजस्थान हाईकोर्ट के जज संदीप मेहता को गुवाहाटी हाईकोर्ट, ओडिशा हाईकोर्ट के जज जसवंत सिंह को त्रिपुरा हाईकोर्ट, गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया।

### बीएसएफ ने मेघालय में 40 मवेशियों को छुड़ाया, 3 तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मेघालय में तस्करी के बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया। मेघालय पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में बीएसएफ ने बांग्लादेश तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 40 मवेशियों को छुड़ाया है। इस पूरी कार्यवाही में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ मेघालय की चौथी बटालियन और राज्य पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से मुक्तापुर-अमलारेम रोड, पश्चिम जयंतिया हिल्स से तीन ट्रकों को जब्त किया। इनमें 40 मवेशी मौजूद थे, जिन्हें बांग्लादेश तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। बीएसएफ ने बताया कि इस मामले में 3 तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं ट्रकों को भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल तस्करों से आगे की पूछताछ की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों व जब्त सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मुक्तापुर पुलिस चौकी को सौंप दिया गया है।

### यूपी में शादी समारोह में 12 साल की लड़की से रेप

**अलीगढ़ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक बैंचेट हॉल में शादी समारोह में आई 12 वर्षीय एक लडक़ी के साथ बलात्कार किया गया। यह घटना महुआखेड़ा पुलिस थानांतर्गत हुई। आरोपी की अभी तक पहंचान नहीं हो पाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक (शहर), कुलदीप गुणावत ने कहा, आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कुछ सबूत एकत्रित किए। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया है। महुआखेड़ा के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ), विजयकांत शर्मा ने कहा, हम आरोपी की तलाश कर रहे हैं और जल्द ही मामले की और जानकारी देंगे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, लडक़ी बारात में शामिल होने अपने परिवार के साथ गई थी। जब सभी मेहमान शादी की रस्मों में व्यस्त थे, तो आरोपी ने बहला-फुसलाकर एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### सड़क हादसे में महिला सहित दो की मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** मुंगरा बादशाहपुर क्षेत्र के रामनगर बाजार के करीब बीती रात एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल की चपेट मे आने से महिला समेत बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान महिला समेत बाइक चालक की देर रात मौत हो गयी। मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी 16 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र लालू गौतम अपनी बाइक से मुंगरा बादशाहपुर समान लेने जा रहा था जैसे वह सडक़ पर पहुंचा बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। रामनगर अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रही बेलापर पट्टी प्रतापगढ़ निवासी 42 वर्षीया गीता देवी पत्नी राजेश चैरसिया को टक्कर मारते हुए खाई में जाकर पलट गई।

## शिवभक्तों के लिए भारतीय रेलवे लाया खास तोहफा, कम पैसों में करें 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाशिवरात्रि 18 फरवरी को है और शिवभक्तों के लिए भारतीय रेलवे खास तोहफा लाया है। यह तोहफा है कम पैसों में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का। रेलवे की तरफ से महाशिवरात्रि नव ज्योतिर्लिंग यात्रा नामक पैकेज में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, ग्रिश्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, औंढा नागनाथ ज्योतिर्लिंग, परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन स्वामी ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाए जाएंगे। यह टूर 13 और 12 रात का है। टूर की शुरुआत मदुरई से होगी। पैकेज का बोर्डिंग प्वाइंट है तिरुनेलवेली, मदुरै, डिंडीगुल, इरोड, सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, पेरम्बूर, नेल्लोर।

पैकेज का शुल्क- 5,350 रुपये है। इस पैकेज के जरिए आप 8 मार्च 2023 से लेकर 20 मार्च 2023 तक इन सभी जगहों की यात्रा करेंगे। पैकेज में आपको ट्रेन में स्लीपर कोच से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी। आपको हर जगह ठहरने के लिए उचित व्यवस्था मिलेगी।

## नरेंद्र मोदी बेंगलुरु में एयरो शो- एयरो इंडिया का उद्घाटन करेंगे



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2023 का उद्घाटन करेंगे। 5 दिनों चलने वाली एयर शो 809 कंपनियां देश कंपनियां देश की एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी; साझा वैश्विक समृद्धि के लिए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विजन हासिल करने के लिए नई साझेदारियां की जाएंगी। एलसीए-तेजस विमान भारत पवेलियन में पूर्ण परिचालन क्षमता विन्यास में और सांस लेने वाले एयर शो इस 14वें संस्करण का हिस्सा होंगे; 75,000 करोड़ रुपये के 251 एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।मुख प्रदर्शकों में एयरबस, बोइंग, डसॉल्ट एविएशन, लॉकहीड मार्टिन, इजऱाइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, आर्मी एविएशन, एचसी रोबोटिक्स, सफरान, रोल्स रॉयस, लार्सन एंड टुब्रो, भारत फोर्ज लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (।(रुरु), भारत शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और बीईएमएल लिमिटेड। इस कार्यक्रम में लगभग पांच लाख दर्शकों के शारीरिक रूप से शामिल होने की उम्मीद है और कई लाखों लोग टेलीविजन और इंटरनेट के माध्यम से जुड़ेंगे। एयरो इंडिया 2023 डिजाइन नेतृत्व, यूएवी क्षेत्र में विकास, रक्षा अंतरिक्ष और भविष्य की प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए)-तेजस, एचटीटी-40, डोर्नियर लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) और उन्नत लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) जैसे स्वदेशी हवाई प्लेटफार्मों के निर्यात को बढ़ावा देना है। यह घरेलू एमएसएमई और स्टार्ट-अप को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत करेगा और सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए साझेदारी सहित विदेशी निवेश आकर्षित करेगा।

## त्रिपुरा की जनता ने ट्रिपल गठबंधन को पूरी तरह से नकार : शाह

**उनाकोटी (आरएनएएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के उनाकोटी और सिपाहीजला में विधानसभा प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस , ओमनिस्ट और टिपरा मोथा का गठबंधन 'ट्रिपल ट्रबल आर्थात तीन आफत वाला गठबंधन है। त्रिपुरा में एक ओर ट्रिपल ट्रबल वाला गठबंधन है तो दूसरी ओर डवलपमेंट का डबल इंजन। जनता ने तय कर लिया है कि उन्हें ट्रिपल ट्रबल वाली सरकार नहीं बल्कि डेवलपमेंट की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। अमित शाह ने कहा की त्रिपुरा को समृद्ध प्रदेश बनाने हेतु के बार पुन: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली भाजपा-गठबंधन सरकार बनाने की अपील की। शाह ने उनाकोटी जिले के चांदीपुर और सिपाहीजला जिले के चारिलम में आहूत विजय संकल्प रैलियों को संबोधित किया। शाह ने माँ त्रिपुर सुंदरी और सभी देवी-देवताओं को नमन करते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत की और कहा कि इस जगह का नाम उनाकोटी इसलिए पड़ा क्योंकि उनाकोटी मंदिर में एक करोड़ में एक कम अर्थात् 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियाँ स्थापित हैं। यह पूरे देश के सबसे पवित्र स्थलों में जाना जाता है। आप हमारे तीनों प्रत्याशियों को विजयी बना दीजिये, मैं आपसे वादा करता हूँ कि मैं और संबित पात्रा जी आपके अशोक अष्टमी के उत्सव में जरूर आयेंगे और आपके साथ यात्रा भी करेंगे। चारिलम में उन्होंने कमलासागर माँ काली को नमन किया और आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी का भी पुण्य स्मरण किया।अमित शाह ने कहा कि कई वर्षों तक यहाँ कांग्रेस का शासन रहा, 27 सालों तक कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार रही। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ने त्रिपुरा को विकास से महरूम रखा। दोनों ने यहाँ के गरीबों और आदिवासियों के लिए कुछ भी नहीं किया, त्रिपुरा को जस का तस छोड़ दिया। विकास आया है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 5 वर्षों में आया है। पहले बिप्लब देब और अब डॉ माणिक साहा, दोनों ने त्रिपुरा के विकास को नया आयाम दिया है। हमने सडक़, बिजली, पानी, गैस, घर के साथ-साथ गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और जनजातीय लोगों को भी एक सूत्र में जोडऩे का काम किया। लाल भाइयों की 27 साल तक त्रिपुरा में सरकार रही लेकिन उन्होंने आदिवासी कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया लेकिन अब जबकि वे सत्ता से बाहर हैं तो महज छलावा करने के लिए वे एक आदिवासी नेता को सीएम का चेहरा बना कर लाये हैं। आदिवासी समाज कम्युनिस्टों की हर नापाक चाल से वाकिफ है। इस तरह से आदिवासी भाइयों-बहनों के वोट कभी भी कम्युनिस्टों को नहीं मिल पायेगा। उन्होंने त्रिपुरा की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि आपका एक वोट त्रिपुरा को समृद्ध त्रिपुरा बनाने के लिए उपयोग में आने वाला है। शाह ने कहा कि 27 साल में कम्युनिस्टों ने चाय बागान में काम करने वालों के लिए कुछ भी नहीं किया।

## आज न्यायमूर्ति बिंदल व कुमार लेंगे न्यायाधीश की शपथ




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ सोमवार को न्यायमूर्ति राजेश कुमार बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगे। न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही शीर्ष न्यायालय के लिए स्वीकृत कुल 34 न्यायाधीशों की संख्या पूरी हो जाएगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और गुजरात उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरविंद कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी थी। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने 10 फरवरी को दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थी।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 31 जनवरी, 2023 को न्यायमूर्ति बिंदल और न्यायमूर्ति कुमार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की थी।

शीर्ष अदालत में इससे पहले गत छह फरवरी को न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने न्यायाधीश के पद की शपथ ली थी।

## एयरो इंडिया रक्षा उद्योग बनाने के सरकार के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2023 के 14वें संस्करण होने जा रहा है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 में एक अलग कर्नाटक मंडप होगा जो प्रतिभागियों को राज्य में उपलब्ध अवसरों को प्रदर्शित करेगा। राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि एयरो इंडिया 2023 देश के समग्र विकास के साथ-साथ रक्षा में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक जीवंत और विश्व स्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग बनाने के सरकार के प्रयासों को एक नया बल प्रदान करेगा। एक मजबूत और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र आने वाले समय में भारत को शीर्ष तीन विश्व अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि कर्नाटक को अग्रणी राज्य बताया जो देश के आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है। यह राज्य अपने कुशल मानव-संसाधन और एक मजबूत रक्षा निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है। यह घरेलू और बहुराष्ट्रीय रक्षा और विमानन कंपनियों के लिए विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए एक पसंदीदा केंद्र है। कई रक्षा-संबंधित सार्वजनिक और निजी कंपनियों और बीईएमएल, डीआरडीओ, इसरो, आईआईएससी, महिंद्रा एयरोस्पेस, एयरबस, बोइंग आदि जैसे अनुसंधान एवं विकास संस्थानों की उपस्थिति कर्नाटक को भारत में एयरोस्पेस उद्योग का एक अग्रणी राज्य बनाती है। राज्य आने वाले समय में पूरी दुनिया के लिए रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण का केंद्र बनेगा।राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के युवाओं के लिए एयरो इंडिया के लाभों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि उनका मंडप राज्य के अवसरों और संभावनाओं को प्रदर्शित करेगा और संभावित निवेश से नए रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने दोहराया कि सरकार का फोकस युवाओं के भविष्य पर है।भारत रत्न एम विश्वेश्वैरया के एक उद्धरण का हवाला देते हुए, 'एक राष्ट्र बनाने का तरीका एक अच्छे नागरिक का निर्माण करना है। अधिकांश नागरिक कुशल, अच्छे चरित्र वाले और कर्तव्य के प्रति उच्च भावना रखने वाले होने चाहिए। और युवाओं के बीच चरित्र और साथ ही एक मजबूत औद्योगिक वातावरण बनाया। उन्होंने कहा कि एयरो-इंडिया भी एम. विश्वेश्वैरया जैसे दूरदर्शी लोगों के लिए एक विनम्र श्रद्धांजलि है। एयर शो में 32 रक्षा मंत्रियों और वैश्विक और भारतीय ओईएम के 73 सीईओ के भाग लेने की संभावना है। रक्षा क्षेत्र में उपलब्धियां भारतीय अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ प्रदान करती हैं। क्षेत्र में विकसित प्रौद्योगिकियां नागरिक उद्देश्यों के लिए समान रूप से उपयोगी हैं। इसके अलावा, समाज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति एक स्वभाव पैदा होता है, जो राष्ट्र के समग्र विकास में मदद करता है। रक्षा मंत्री 14 फरवरी को रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। बैठक में मित्र देशों के रक्षा मंत्री भाग लेंगे, जिसका आयोजन रक्षा में संवर्धित जुड़ाव के माध्यम से साझा समृद्धि विषय पर किया गया है। कॉन्क्लेव क्षमता निर्माण (निवेश, अनुसंधान एवं विकास, संयुक्त उद्यम, सह-विकास, सह-उत्पादन और रक्षा उपकरणों के प्रावधान के माध्यम से), प्रशिक्षण, अंतरिक्ष, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और समुद्री सुरक्षा को एक साथ विकसित करने के लिए गहन सहयोग से संबंधित पहलुओं को संबोधित करेगा। . कॉन्क्लेव रक्षा मंत्रियों के लिए मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विजन को आगे बढ़ाने के लिए एक दूसरे के साथ जुडऩे का एक अवसर है। राजनाथ सिंह ने कहा कि एयरो इंडिया 2023 नए भारत के विकास और विनिर्माण कौशल का प्रदर्शन करेगा इसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक विश्व स्तरीय घरेलू रक्षा उद्योग बनाना है ।राजनाथ सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम को व्यापक दृश्यता प्रदान करने और दुनिया के सामने एक नए भारत के उदय को प्रस्तुत करने का आग्रह करते हुए अपने संबोधन का समापन किया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति के साथ लोगों को जोडऩे में मीडिया माध्यम की भूमिका निभा सकता है।